सूचना प्रौद्योगिकी बनी निजी क्षेत्र की रीढ़: नायक

जयपुर @पत्रिका. कोविड 19 काल में हमने पाया कि आइटी न केवल सरकारी बल्कि निजी क्षेत्र की रीढ़ बन गई है, आजकल टेक्नोलॉजी तेजी से आगे बढ़ रही है। इसलिए एमएसएमई को भी तेजी से आगे बढ़ने की जरूरत है। यह कहना है आइटी और संचार आयुक्त संदेश नायक का। वे सीआइआइ के एमएसएमई के लिए फ्यूचर टेक्नोलॉजीज पर सत्र को संबोधित कर रहे थे। सीआइआइ राजस्थान के उपाध्यक्ष अभिनव बंथिया ने कहा कि उद्योगों में नई और भविष्य की तकनीकों का उपयोग करने में कई देश बहुत आगे निकल गए हैं, जैसे 3डी प्रिंटिंग, लेकिन वे कृषि में रोबोटिक्स का उपयोग कर रहे हैं, ड्रोन के माध्यम से पानी की मैपिंग, रोबोटिक सर्जरी जो निकट भविष्य में दुनिया को पूरी तरह से बदल देगी।

इस अवसर पर 4 डेटा सेंटर की सेवाओं का उपयोग करने के लिए राज्य सरकार और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

का